दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 260 मुरादाबाद, 16 January 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मायावती का बड़ा एलान, लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अकेले लड़ेगी पार्टी, किसी से गठबंधन नहीं करेंगे





बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अपने जन्मदिन पर बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी।अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने कहा कि बसपा अगले साल होने जा रहे चार राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा यह सारा खेल ईवीएम की गड़बड़ी का है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मायावती रविवार को मीडियाकर्मियों से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जातिवादी और संकीर्ण ताकतें साम दाम दंड भेद से बसपा को दूर करने में जुटी हैं । ग्लोबल समिट के नाम पर यह जो निवेश आ रहा है यह केवल भाजपा की खराब नीतियों पर पर्दा डालने की नाटक बाजी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में लोगों को उजाड़ा जा रहा है कानून व्यवस्था की आड़ में घिनौना खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी आरक्षण पर भी भाजपा कांग्रेस सपा की राह पर चल निकली है । यही कारण रहा कि निकाय चुनाव प्रभावित हुआ ।इस मौके पर मायावती ने मेरे संघर्ष में जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 18 का भी विमोचन किया । उन्होंने खासतौर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने पर जोर दिया। कहा कि जब-जब बैलेट से चुनाव हुआ बसपा का जनाधार बढ़। ईवीएम आने के बाद ही यह गड़बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि बसपा के युवा तैयार हो जाए एक न एक दिन सिस्टम भी फेल होगा। जिन जिन देशों में बैलेट पेपर से पहले चुनाव होता था दोबारा उसी से शुरू कर दिया गया है ।

### बाबा साहब ने नहीं चलाई मनुस्मृति

बिहार के एक मंत्री के इस बयान पर कि बाबा साहब अंबेडकर ने ही मनुस्मृति शुरू की थी पर मायावती ने कहा यह बात तो बिल्कुल साफ है कि बाबा साहब ने मनुस्मृति नहीं चलाई । हालांकि मंत्री ने यह बात किस परिपेक्ष में कही है इसका उन्हें पता नहीं है

## भाजपा सरकारों ने मीडिया पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया, आरएसएस के कार्यक्रम में बोले राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरएसएस के कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि 'पाञ्चजन्य' का 75 वर्ष पूरा कर लेना भारतीय पत्रकारिता जगत की एक महत्वपूर्ण घटना है। रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने रविवार को कांग्रेस के आरोप का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाले भूल जाते हैं कि भाजपा की सरकारों ने किसी भी मीडिया संगठन पर कभी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया और न ही किसी के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में कटौती की। आरएसएस से जुड़े साप्ताहिक पांचजन्य द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में देश में फिर से एक बहस शुरू हो गई है।



### राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी का पूरा इतिहास सभी प्रकार की स्वतंत्रता के उल्लंघन की घटनाओं से भरा हुआ है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने के लिए संविधान में संशोधन तक किया था। जो लोग शीशे के घरों में रहते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता मजबूत और जीवंत लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### न अटल न ही पीएम मोदी की सरकार में मीडिया पर पाबंदी लगाई गई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मीडिया की आजादी के हनन का आरोप लगाने वाले यह भूल जाते हैं कि चाहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हो, उन्होंने कभी किसी मीडिया हाउस पर पाबंदी नहीं लगाई, न किसी की कटौती की। न ही किसी भी तरीके से भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हनन किया गया

## नेपाल के पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, अब तक 68 लोगों की मौत



काठमांडू, एजेंसी- नेपाल के पोखरा में रविवार सुबह एक यात्री विमान दुर्घटनागस्त हो गया है। नेपाल उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि 72 सीटों वाले इस विमान से अब तक 68 शव बरामद हुए हैं। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल में 30 सालों से अधिक समय के बाद इतना भीषण हादसा हुआ है। कृष्णा भंडारी ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि बचाव दल मौके पर मौजूद है और भी शव मिलने की उम्मीद है।

### विमान में सवार थे इन देशों के नागरिक

बता दें कि नेपाल के पोखरा हवाई अड्डे पर हादसे का शिकार हुए विमान में 53 नेपाली नागरिक, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, एक अर्जेंटीना और एक फ्रांसीसी नागरिक सवार थे।

### विमान ने रविवार सुबह भरी थी उड़ान

येती एयरलाइंस के एटीआर 72 विमान ने रविवार सुबह काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन विमान कास्की जिले के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। इसी कारण से एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया। हादसे के वक्त येती एयरलाइंस के इस प्लेन में 68 यात्री और चार क्रू सदस्य सवार थे।

### विमान में सवार थे 72 लोग

एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि नेपाल की येति एयरलाइंस द्वारा संचालित एटीआर-72 विमान में 72 लोग सवार थे, जिनमें दो शिशु भी शामिल हैं। इसके अलावा चालक दल के चार सदस्य और 10 विदेशी नागरिक भी विमान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। हम इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और सैकड़ों बचावकर्मी दुर्घटनास्थल की छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1992 के बाद से नेपाल में यह सबसे घातक दुर्घटना है।

### भारतीय राजदूत ने जताया दुख

वहीं, भारत में नेपाल के राजदूत ने विमान हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पोखरा में कुछ भारतीयों सहित 72 लोगों और चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से गहरा दुख हुआ है। हम मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे विचार और प्रार्थना इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

### विमान से धुआं उठता हुआ दे रहा दिखाई

काठमांडू पोस्ट को येति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि येति (Yeti) एयरलाइंस के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें जलते हुए विमान से धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

### नेपाल सरकार ने बुलाई आपात बैठक

बता दें कि ये प्लेन पुराने एयरपोर्ट और पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच क्रैश हुआ है। इस बीच पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। वहीं, नेपाल सचिवालय ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और गृह मंत्री रबी लामिछाने की पोखरा यात्रा रद्द हो गई है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

## आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 1.75 लाख करोड़ का निवेश




उत्तर प्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर का हब बनने की ओर अग्रसर है। यूपी में डेटा सेंटर लग रहे हैं। कई शहरों में 5जी की शुरुआत हो रही है। आईटी पार्क और आईटी सिटी बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार इस सेक्टर में अपार संभावनाओं के दृष्टिगत इसे खास तवज्जो भी दे रही है। उत्तर प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर गेम चेंजर की भूमिका में है। योगी सरकार इस सेक्टर को अपार संभावनाओं वाला सेक्टर मानकर भविष्य की तैयारियों में जुटी है। अगले माह लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से सरकार ने प्रदेश में 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट को सबसे ज्यादा 1.60 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विभाग ने 10 जनवरी 2023 तक 1.75 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लिए हैं। इनमें से 97 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू भी हो चुके हैं। वहीं 78 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव एमओयू की दिशा में प्रक्रियाधीन हैं। विभाग को कुल 148 निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिसमें से 135 प्रस्तावों को एमओयू में तब्दील किया जा चुका है। इन एमओयू के धरातल पर उतरने से प्रदेश के लाखों युवाओं और आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपर्ट्स को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### और अधिक निवेश और रोजगार की संभावनाएं

निवेश सारथी पोर्टल पर विभाग से संबंधित डेटा के अनुसार जिन 135 प्रस्तावों को एमओयू में परिवर्तित किया गया है, उनके माध्यम से प्रदेश में 13 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं जो प्रस्ताव अभी प्रक्रिया के दौर में हैं उनके माध्यम से भी 5 हजार से अधिक रोजगार मिलेंगे। कुल मिलाकर इस सेक्टर में फिलहाल 13.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर मिलने जा रहे हैं। अभी कई प्रदेशों और प्रदेश के कई शहरों व मंडलों में टीम योगी के रोड शो व निवेशक सेमिनार होने हैं। निश्चित तौर पर न सिर्फ इस सेक्टर में निवेश के आंकड़े बढ़ेंगे, बल्कि रोजगार के अवसरों की संख्या में भी वृद्धि होगी।

### शहर ही नहीं, गांव और कस्बे भी होंगे लाभान्वित

इस सेक्टर में होने वाले निवेश का फायदा सिर्फ बड़े शहरों या टेक फ्रेंडली युवाओं को ही नहीं मिलेगा, बल्कि गांव और कस्बों के साथ ही कृषि जैसे साधनों को भी इससे भरपूर फायदा होगा। उदाहरण के तौर पर इंफोटच टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. की ओर से 78 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना की शुरुआत के लिए एक एमओयू दाखिल किया गया है।

इस निवेश के माध्यम से लगने वाली परियोजना का उद्देश्य डाटा स्टोरेज, डाटा माइनिंग, डाटा-एनालिटिक्स और डाटा विजुअलाइजेशन से युक्त हाई-टेक नेक्स्ट-जेन बिग डाटा टेक्नोलॉजी परियोजना के माध्यम से राज्य के भीतर आईटी/आईटीईएस परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए एक अत्याधुनिक आईटी अवसंरचना विकसित करना है। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में 10,000 ड्रोन के माध्यम से डेटा उत्पन्न किया जाएगा। ये ड्रोन विभिन्न कृषि गतिविधियों जैसे एरियल जियो मैपिंग, एरियल सर्वे, उर्वरकों के छिड़काव आदि में किसानों की मदद करते हुए प्रासंगिक डेटा एकत्र करेंगे। सभी संबंधित विभागों के साथ चर्चा के बाद इस एमओयू पर सरकार आगे बढ़ेगी।

### सरकार ने बड़े पैमाने पर की है तैयारी

उत्तर प्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर का हब बनने की ओर अग्रसर है। यूपी में डेटा सेंटर लग रहे हैं। कई शहरों में 5जी की शुरुआत हो रही है। आईटी पार्क और आईटी सिटी बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार इस सेक्टर में अपार संभावनाओं के दृष्टिगत इसे खास तवज्जो भी दे रही है। इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश जुटाने के लिए सरकार ने नई आईटी पॉलिसी के अलावा निवेशकों के समर्थन के लिए स्टार्टअप पॉलिसी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी एवं डेटा सेंटर पॉलिसी को रिवाइज़ किया है। प्रदेश में निवेश के लिए देश और विदेश में इस सेक्टर के बड़े बिजनेस लीडर्स के साथ-साथ नए निवेशकों के साथ चर्चा की गई है।

उन्हें प्रदेश में दी जा रही सुविधाओं और राहतों के साथ ही सुरक्षित निवेश की गारंटी दी जा रही है। बड़े पैमाने पर निवेशकों को प्रदेश से जोड़ने के लिए इंडस्ट्री की विभिन्न एसोसिएशन के साथ काम किया गया है। यही नहीं प्रदेश में 5जी नेटवर्क को लेकर विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों से संपर्क किया गया और उनकी योजनाओं को ध्यान से सुना गया है। इसके साथ ही बैंकों से भी प्रदेश में इस सेक्टर में लगने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स में आर्थिक मदद के लिए अपने प्रपोज़ल तैयार रखने को कहा गया है।

## संपादकीय Editorial

# Deranged mind of the minister

Education Minister of Bihar, Chandrashekhar, would not know Trilochan Shastri, an eminent Hindi litteratuer and linguist! It is our claim that the minister would be ignorant of the meaning, power of words, ornamentation and linguistic beauty of poetry! The minister would also be unaware of the 16th century environment, period, customs, ostentation and religious contradictions! He is also unfamiliar with the conflict between Sanskrit, Awadhi language and other regional languages and dialects, this is also our claim! The minister will not be aware of this historical fact that Tulsidas was born with 32 teeth, so in many ways he was considered unique, supernatural, so his near and dear ones kept distance from him considering him as a 'ghost-ghost'. Later he had to repent. It must not be known at all that Tulsidas was under the grace and shadow of Lord Rama, who made him a great poet, saint, storyteller. It was by Lord Ram's grace that Hanuman ji was always with him and continued to play the role of a guide. Bihari minister's psyche is blocked or atheist or perverted or he is anti-Ram, so he can declare these facts as 'legend'. We do not need any kind of certificate, positive or negative, from the minister on the epic, holy book and worshipable narrative like 'Ramcharit Manas', because the sun cannot be shown as a lamp in any case. Darkness can never defeat the Sun. 'Ramcharit Manas' is a symbol of faith not only in India but in innumerable homes of the world. It is recited. He is an unmatched book of love, sacrifice, affection, compassion, dignity, goodwill and humanity. The minister has considered 'Ramcharit Manas' as a 'hate book'.

If he had made a similar comment in the context of Quran or Bible, then the minister's life would have become haram! He would have had to go into exile or hide and save his life, his constitutional post would have been snatched away! But Lord Ram, his ardent devotee Tulsidas and Hindus in principle are 'tolerant', so Manusmriti, Ramcharit Manas, Valmiki Ramayana or any other religious, sacred text can be easily abused. Since we know the literary and linguistic knowledge and merit of the Bihari minister, we can question that on what basis has he interpreted the poems of 'Ramcharit Manas', meaning and implication? Minister's explanation is that 'Ramcharit Manas' does not give right to education to backward, dalits and women. It is only after 'Manusmriti' that 'Manas' has spread hatred. From the 16th century, the minister has reached the 21st century and says that the Ram temple is being built on the land of hatred. This is also contempt of the Supreme Court. The minister has not given this statement in any political meeting, but has said it as the chief guest on the occasion of 'convocation' of Nalanda Open University in Bihar. If the 'uneducated minister' of Bihar had read the explanation of a great linguist like Trilochan ji on Tulsidas's 'Dhol, Sudra, Pasu, Nari...' or the minister would have known the beauty of figurative language or the Awadhi language would have been tested or 16th Had he known about the time period of the century or the euphemism of synonymous words, he would not have made the statement at all and the spokespersons of Lalu's RJD would not have had to defend him. Actually Bihari minister wanted to address his party's election vote bank through 'Ramcharit Manas', which is absolutely wrong. Social justice does not call it hurting someone's religious sentiments. Even the constitution has not given us such a right. These words of the minister are hurting the sentiments of a particular class.

# Shahnaz Gill's anger erupted on paparazzi, said- shut up...this is an insult

People are seen commenting in different ways regarding this video of Shahnaz. Bigg Boss fame Shahnaz Gill is often in the news. Shahnaz is known for her flirtatious style. These days he is also in a lot of discussion about his show 'Desi Vibes with Shahnaz Gill'. Many Bollywood stars have reached this show of Shahnaz Gill so far. Please tell that in her show, Shahnaz is seen asking the stars questions related to their lives. Meanwhile, a video of Shahnaz Gill has surfaced. In this, she is seen very angry. This video is becoming very viral on social media. This video has been shared from Viral Bhiyani's Instagram post. In this, Shahnaz is seen talking to the media. During this time was a lot of noise.




During the conversation with the other person, another person was repeatedly trying to ask Shehnaaz's name and ask her questions, due to which Shehnaaz's temperature became high and she started a paparazzi class. After this, this video of Shahnaz Gill is becoming very viral on social media. In the video, Shahnaz is seen saying, 'This is an insult, we are talking now. you should listen. Tell them to shut up.' People are seen commenting in different ways about this video of Shahnaz. Some are seen with the actress, some are not liking Shahnaz's talk at all. One user wrote, 'Shahnaz is right. When someone is talking, he should listen.' Another user wrote, 'What is in Shahnaz's heart, is on his tongue. That's why, she is so wonderful. One user wrote, 'Shahnaz said absolutely right.'

# Rashmika Mandanna shared her experience during the shooting of 'Mission Majnu', said - it was a difficult journey

Rashmika took proper training to play her character better in the film 'Mission Majnu'. South actress Rashmika Mandanna is called National Crush. The actress is also well-liked in Bollywood. Rashmika will soon be seen in the film 'Mission Majnu'. This film will be released on OTT. In this, she will be seen opposite Siddharth Malhotra. These days Rashmika is busy promoting this film. Please tell that in this film she is playing the role of a blind girl for the first time. Rashmika has recently disclosed the pain she went through while doing the film. Rashmika spoke openly on this during a media interaction. During this, she said that during the shooting of this film, she was thinking about how she would complete it. Everything was brand new to him. Rashmika said that 'I have never done this as an actress, in fact it is a retro film, so I had to wear very different clothes and also, I had to take training before filming the scene.' Rashmika also said this. Told how he prepared for his character and how big a challenge it was for him. Rashmika says that acting without using her eyes has been a very difficult journey. He said, I am the person who has to speak by looking into the eyes of the person in front. I could not look here and there during the conversation. I could not see Tariq (Sidharth Malhotra) and it was very difficult to do so. However, I have lived these moments. It was a challenge, which I had to complete. Please tell that in order to play her character better in this film, Rashmika also took proper training.




# 'Tappu Ki Mummy' is coming back in Taarak Mehta, 'Dayaben' shares hints

The show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' has made its place in the hearts of the fans. The fan following of this show is increasing a lot. Recently, it was shown in the show that after a long time, Bagha has got back his lost love Bawri. With this, actress Navina Wadekar has made her new debut in Taarak Mehta with the character of Bawri and Dayaben i.e. Disha Vakani has welcomed her in the show. There are reports that there is talk of Disha's return to the show as well. The show has been enthralling the audience for 15 years. The makers of this show have made many changes in the show. Many characters left the show and some said to this world. Similarly, the makers of the show have brought back Bawri, who was not seen in the serial for a long time. News coming in is that Navina Wadekar has started shooting for the character of Bawri. When this thing reached the ears of Dayaben i.e. Disha Vakani, she became happy and also expressed her happiness on social media. Sharing a picture of Navina Wadekar on her Instagram, Disha Vakani congratulated her for her new debut in the show. After a long time, any reaction has been given by Disha about the show, in which case the fans are quite excited. Now the fans are hoping that Disha is also going to return to the Taarak Mehta show one day and will be seen saying Tappu Ke Papa in the show. Regarding Disha's return to the show last year itself, Asit Modi had clearly said that efforts are on to bring her. Now recently after the declining TRPs of the show, it was decided that the scattered episodes of Taarak Mehta would have to be reunited and the characters who had left the show would have to be brought back.



# Indian all-rounder Akshar Patel will marry soon, his future wife Meha Patel

Apart from KL Rahul, Akshar Patel has also not been selected for the ODI and T20 series against New Zealand. Rahul and Akshar have been given leave due to personal reasons. It was being said about Rahul that he was going to marry actress Athiya Shetty, but no one had any information about Akshar. Now this news has come to the fore that he too will tie the knot soon. According to media reports, Rahul and Athiya are going to get married on January 23. Akshar will also get married around the same date. He is about to get married to Meha Patel. Everyone knows Rahul's future wife Athiya, but very few people know about Meha. Meha has shared pictures of Akshar on her Instagram account in recent times. There is talk of both being in a relationship for a long time. Meha Patel is a dietician and nutritionist by profession and she keeps sharing diet plans. She also shares diet related information with people. Meha is very active on Instagram and looking at her Instagram profile shows that she loves to travel. Meha's Instagram highlights also include her trips to Dubai, Goa and Scotland. Akshar has done exceptionally well in the recent series. He has impressed everyone with his bowling as well as batting and has filled in for Ravindra Jadeja in his absence. Akshar will return from the Test series against Australia.



## बेडरूम में पति-पत्नी के शव मिले, पति का शव बेड पर तो पत्नी का पंखे पर लटका मिला

मुरादाबाद- ऑनलाइन टीम। मुरादाबाद में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कमरे में पति- पत्नी की लाश बरामद हुई है। हैरानी की बात यह है कि पति का शव बेड पर पड़ा था। जबकि पत्नी का शव पंखे पर लटका हुआ था। परिजनों के अनुसार जब काफी देर तक दरवाजा खटखटाया तो कोई अंदर से आहट ही नहीं आई। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा तोड़कर हर कोई हैरान हो गया। यहां दोनों की लाश मिली। दोनों की तीन महीने पहले ही



शादी हुई थी।

### एसएसपी बोले- प्रथम दृष्टया लग रहा जैसे किया हो सुसाइड

जब पुलिस को मामले की सूचना मिली तो जिले के कप्तान हेमराज मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचकर क्राइम सीन देखा। पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि पत्नी की हत्या के बाद पति ने सुसाइड किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही असल घटना के बारे में पता चल पाएगा।

### मझोला थाना क्षेत्र की घटना

घटना शहर के मझोला थाना क्षेत्र गायत्री नगर की है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 9 बजे के बाद की है। मृतक की शिनाख्त रवि सैनी उम्र 25 साल और पत्नी की नाम किरण के तौर पर हुई है। रवि अपनी मां और छोटे भाई पुष्पेंद्र के साथ घर में रहता था। रवि की शादी किरण से तीन महीने पहले हुई थी। रात रवि की मां जब उसके कमरे में गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा जब नहीं खुला तो उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो अंदर दोनों की लाश पड़ी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरकार के अधिनियम अनुपालन न करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

सगीर चंकी पांडे-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-महानगर स्मार्ट सिटी बनने जा रहे हैं मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश शासन प्रशासन ने उठाई कमान संगिधग धाराओं में किसी भी अपराधी अवैध कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएग उधर आईटीएफ आबकारी विभाग पुलिस प्रशासन अवैध शराब कार्य करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान अभियान के तहत जो भी अवैध कार्य में लिप्त अवैध कार्य करने वालों को पनाह देने वाला सभी के खिलाफ सरकार का कड़ा कदम उठाया जा रहा है उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिनियम अनु पालन ना करने वालों पर होगी कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन महानिदेशक आज्ञा से दिशा निर्देश



## नगर मैं कुत्तों का आतंक कई लोगों को काट ,किया घायल

सगीर चंकी पांडे-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- क्षेत्र में लावारिस कुत्तों ने हमला कर कई अन्य लोगो को काटकर घायल कर दिया नगर में कुत्ते के काटने की शिकायत लंबे समय से चली आ रही है वही ठाकुरद्वारा तहसील में आने वाले गांव भी कुत्ते के काटने की बराबर समस्या सामने नजर आ रही है वहीं नगर के ठाकुरद्वारा कई मोहल्ले वार्ड बस्ती नगर में कुत्ते के काटने की बात सामने आई वही तहसील ठाकुरद्वारा के कई ग्रामवासी कुत्ते के काटने का एंटी रैबिट लगवाने पहुंचे ठाकुरद्वारा सीएससी अस्पताल जहां सभी को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए वही सभी को मेडिसन देकर भेज दिया सभी के परिजन ने सब को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आये। उनके एंटीरेबीज इंजेक्शन लगाकार उनका इलाज किया।

## पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कटरा श्रावस्ती एयरपोर्ट का निरीक्षण कर लिया जायजा

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जनपद की नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कटरा श्रावस्ती में स्थित एयरपोर्ट का निरीक्षण कर कराए जा रहे कार्यो का जायजा लिया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि यह जनपद भगवान बुद्ध तपोस्थली होनें के नाते यहां देश-विदेश से हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक इंतजाम किये जायेंगे। जिससे आने वाले पर्यटकों को कोई दिक्कत न होने पावे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में हवाई सेवा शुरू होने से रोजी-रोज़गार को भी बढ़ावा मिलेगा तथा नये संसाधनों का रास्ता भी खुलेगा। उन्होने वहीं पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराया जाए ताकि श्रावस्ती से जल्द ही लोगों को हवाई सेवाएं मुहैया कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव सहित कार्यदायी संस्था के सम्बन्धित अभियंतागण एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन योजना की बैठक सम्पन्न

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में ''जल जीवन मिशन'' (हर घर नल से जल) योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जन को स्वास्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वास्थ्य रहेंगे।बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि फेज-2 में कार्यदायी संस्था को



आवंटित 218 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों का प्राक्कलन प्रेषित जा चुका है। जिसमें 213 ग्रामों का प्राक्कलन राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 77 परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त फेज-5 के अन्तर्गत 201 ग्राम पंचायतों हेतु कार्यदायी संस्था को आवंटित किया गया है। जिनके द्वारा 34 प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये है। जिसे समिति की स्वीकृति के उपरान्त राज्य पेयजल को प्रेषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रतिदिन आपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजद ने किया। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक सहित सहायक अभियंता, अवर अभियंता गण उपस्थित रहे।

## बहुजन कार्यकर्ताओं ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन जी का जन्मदिन

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - नगर में स्थित अंबेडकर पार्क मैं बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती का हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाते बहुजन समाज पार्टी विधानसभा 26 कार्यकर्ता बहुजन समाज पार्टी जिला सचिव डॉ रामपाल गौतम जी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहनजी का 67 वां जन्मदिन जनकल्याण कारी दिवस मनाते बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता जिला सचिव गौतम जी का कहना बहन जी ने अपने कार्यकाल में कुशल कार्य कर आम



जनता के हित में ही कार्य किया बहन जी ने बहुजन समाज पार्टी की सरकार में सभी ऐसा हाय सर्वहारा मजदूर देश का पालनहार किसान का ध्यान रखते हुए सरकार मैं कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों तक अपनी कार्यशैली कुशल कार्य मानवता विचार धीन धारा से सभी को अवगत कराते हुए मानवता की सीमा में रहकर ही कार्य करने की सभी को हिदायत दी बहन जी ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का नारा देकर समाज के पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ाया बहन जी ने अपने सर्व समाज के लिए हमेशा अपना जीवन समाज के हित में ही लगाया बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प हम सच्ची लगन ईमानदारी से अपना कार्य समाज के हित में ही करेंगे बहन जी के से कुशल विचारों से देश में बहुजन समाज पार्टी का नाम रोशन करेंगे इस अवसर पर जिला सचिव डॉ गौतम विधानसभा अध्यक्ष उमेश गौतम चेतन सिंह गौतम सिंह भूपेंद्र सिंह पाल अमित कुमार छोटेलाल शिवराम सिंह गौरव आदि मौजूद

## लोकगीत व संगीत संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनना गौरव की बात- राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर के सैनिक पड़ाव में आयोजित 卐एटा महोत्सव卐 अब शबाब पर आने लगा है। महोत्सव के शुभारंभ से लेकर आज तक के कार्यक्रमों में जनपद के जाने-माने प्रमुख समाज सेवी एवं भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य का जलवा लगातार कायम है, वह प्रतिदिन आयोजित होने वाले रसिया दंगल सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों रंगारंग कार्यक्रम, बौद्धिक गोष्ठियों एवं टैलेंट शो इत्यादि अधिकांश कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि की हैसियत से सहभागी होकर संयोजको का हौसला अफजाई कर रहे। उल्लेखनीय है कि गुरुवार की रात्रि को राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी रंग महोत्सव के भव्य पंडाल में राकेश कश्यप पत्रकार के संयोजन में आयोजित किया गया संगीत कार्यक्रम लोकगीत एवं लोक नृत्य संध्या में दर्शकों ने मशहूर बुंदेलखंडी लोक गायक सतीश यादव एवं लोक



गायिका अनीता राठौर के संयुक्त स्वरों में तमाम विधाओं पर आधारित गीतों का भरपूर आनंद उठाया वहीं नृत्यांगना वंदना एवं शिवानी द्वारा फिल्मी धुनों पर तथा ग्रामीण भाषा में गानों पर नृत्य का धमाल मचाते हुए दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुभारंभ मेला में उद्घाटन के उपरांत मुख्य अतिथि रंजीत कुमार राजू आर्य ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में लोकगीत विधा काफी लोकलुभावन एवं ग्रामीण परिवेश में स्वीकार की जाने वाली सांस्कृतिक विधा है, जो आज इस मंच पर देखने को मिल रही है। राजू आर्य ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवा वर्ग ही भारत का भविष्य है, इसीलिए युवाओं को संस्कार पूर्ण रहकर धर्म आधारित कार्यक्रमों में अधिक रूचि लेनी चाहिए। तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी सर्वोच्चता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है। राजू आर्य के संबोधन में श्रोताओं ने कई बार करतल ध्वनि से तालियां बजाते हुए उनके विचारों का समर्थन किया तथा उनके सुझावों की सराहना की। लोकगीत संध्या का शुभारंभ जनपद कासगंज जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रत्नेश कश्यप, बॉबी कश्यप द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों में आदित्य प्रकाश वर्मा आईपीएस सेनानायक 43 वी पीएसी बटालियन एटा, रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भानु , डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी सीएमओ सहित अन्य कई विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। संचालन एटा के मशहूर शायर कशिश एटवी द्वारा किया गया। लोकगीत संध्या कार्यक्रम के संयोजक राकेश कश्यप पत्रकार तथा सह संयोजक देवांश वर्धन कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को माल्यार्पण करने के उपरांत साल भेंट करते हुए चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ अन्य मुख्य अतिथि गणों को भी माला साल तथा चांदी के मुकुट पहनाकर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में डॉक्टर वीरेश कश्यप, इंजी. शिवानी प्रियदर्शनी, मोहिनी प्रियदर्शिनी, क्षमा प्रियदर्शनी, श्रीमती निक्की कश्यप, रवि कश्यप, राजू कश्यप, हरीश चंद्र कश्यप एडवोकेट, विशनपाल सिंह चौहान पत्रकार, महेश वर्मा पत्रकार, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, देवेंद्र लोधी, अमित जौहरी एडवोकेट, हिमांशु अस्थाना, सुनील यादव, अमोल श्रीवास्तव पत्रकार, गुलजारीलाल कश्यप, विजय वर्मा, सहित तमाम चिकित्सक राजनेता एवं अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे

# विपिन कुमार को दी प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

## किसान आयोग के गठन को लेकर सरकार जल्द किसानों को करे आश्वत: राजू आर्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भारतीय किसान यूनियन (भानू) के विस्तार हेतु चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत कासगंज रोड स्थित ग्राम अल्लैपुर में ग्राम प्रधान विपिन कुमार के संयोजन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशनपाल सिंह चौहान पत्रकार एवं हिंदूवादी एवं समाजसेवी रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भानु मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि विशन पाल सिंह चौहान तथा रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को ग्राम प्रधान विपिन कुमार द्वारा माल्यार्पण करके साल पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रंजीत



कुमार उर्फ राजू आर्य ने कहां कि किसानों का सम्मान हर हालत में सर्वोपरि रखा जाएगा तथा किसी भी कीमत पर गुंडा,माफिया एवं प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा बे वजह किसानों के साथ की जाने वाली नाइंसाफी तथा उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजू ने बैठक में मौजूद सैकड़ों लोगों से अपील करते हुए कहां की आप सभी लोग भारतीय किसान यूनियन भानु की सदस्यता ग्रहण करें और अपने मान तथा सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए किसानों के मसीहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय ठाकुर भानु प्रताप सिंह भानु जी का नेतृत्व स्वीकार करें, तभी किसानों का सम्मान बच सकता है।इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशन पाल सिंह चौहान वरिष्ठ पत्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि किसान को अन्नदाता कहा जाता है, वैसे भी हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश है। इस देश में किसान सुरक्षित नहीं तो और सब कुछ निरर्थक है, श्री चौहान ने किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु जल्द से जल्द किसान आयोग का गठन करने की मांग केन्द्र सरकार से की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसानों को समय से खाद बीज बिजली तथा आपदा राहत मिलनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री चौहान ने आगे कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि बिजली का बिल बकाया होने के बावजूद भी किसानों का बिजली का कनेक्शन कांटा नहीं जाएगा। इसके बावजूद भी यदि बिजली विभाग मनमानी करता है तो भारतीय किसान यूनियन 卐भानु卐 विद्युत विभाग को सबक सिखाने का कार्य करेगी। साथ ही साथ छोटी-छोटी बातों को लेकर इलाका पुलिस भी किसानों को बेवजह परेशान करके अवैध वसूली का प्रयास करती रहती है, जो सरासर अन्याय है इस अन्याय के विरुद्ध भी आदतन अवैध वसूली में लिप्त लोगों के विरुद्ध उच्च स्तर पर कार्रवाई कराके दंडित कराया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन भानु के विस्तार हेतु सदस्यता अभियान की इस बैठक में ग्राम अल्लैह पुर के प्रधान विपिन कुमार को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया तथा दर्जनों अन्य लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। बैठक में मुख्य रूप से सत्येंद्र सिंह यादव नेताजी कोयला, मोनू ठाकुर, बबलू यादव, विपिन चौहान, केशव कुशवाह, दिनेश यादव, दूरबीन सिंह यादव, श्रीनिवास यादव, सुनील कश्यप, पुष्पेंद्र यादव, रामकुमार यादव, राम नरेश चौहान, खुशी राम सिंह, बंटू ठाकुर, वरुण कुमार सतीश कुमार शिव कुमार सिंह पंकज यादव लोचन सिंह सुमन यादव सत्यवीर सिंह अनिल यादव शिवम यादव कैलाश चंद्र मुकेश यादव प्रवीण यादव रविंद्र सिंह सहित अन्य बहुत से लोग मौजूद थे।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

